# आकाशवाणी, गोरखपुर

<u>**दिनांक–07 मई 2025**</u> **सान्ध्य समाचार**

भारतीय सशस्त्र बलों द्वारा कल रात चलाया गया ऑपरेशन सिंदूर पचीस मिनट का था और इस जवाबी कार्रवाई में पाकिस्तान और पाकिस्तान अधिकृत जम्मू–कश्मीर में नौ आतंकी ठिकानों को नष्ट कर दिया गया। नई दिल्ली में भारतीय सेना, भारतीय वायु सेना और विदेश मंत्रालय की संयुक्त प्रेस वार्ता में भारतीय सेना की कर्नल सोफिया कुरैशी और भारतीय वायु सेना की विंग कमांडर व्योमिका सिंह ने यह जानकारी दी। उन्होंने बताया कि पहलगाम आतंकी हमले के पीड़ितों को न्याय दिलाने के लिए ऑपरेशन सिंदूर शुरू किया गया था। ऑपरेशन कल रात एक बज कर पांच मिनट से एक बजकर तीस मिनट तक चलाया गया।

प्रेस वार्ता के दौरान हमले में नष्ट किए गए आतंकवादी स्थल और सैन्य तथा नागरिक प्रतिष्ठानों को निशाना बनाए बिना सफलतापूर्वक चलाए गए ऑपरेशन सिंदूर की विस्तृत जानकारी दी गई। कर्नल सोफिया कुरैशी और विंग कमांडर व्योमिका सिंह ने कहा कि भारतीय सशस्त्र बल भविष्य में पाकिस्तान के किसी भी दुस्साहस का मुंहतोड़ जवाब देने के लिए पूरी तरह तैयार है।

कर्नल सोफिया कुरैशी ने ऑपरेशन सिंदूर का विवरण देते हुए पाकिस्तान अधिकृत जम्मू कश्मीर में स्थित आतंकी ठिकानों के नाम बताए हैं, जहां भारतीय सेना ने कार्रवाई की है।

**सवाई नाला कैंप मुजफ्फराबाद यह एक लश्कर–ए–तैयबा का ट्रेनिंग सेंटर था। 20 अक्टूबर 2024 सोनमर्ग, 24 अक्टूबर 24 गुलमर्ग, 22 अप्रैल 2025 पहलगाम। इन हमलों के आतंकियों ने इन्हीं से प्रशिक्षण लिया था। सैयद–ना–बिलाल कैंप मुजफ्फराबाद यह एक जैशे मोहम्मद का स्टेजिंग एरिया है यह हथियार विस्फोटक और जंगल सरवाईवल का ट्रैनिंग का केन्द्र भी था। गुलपुर कैंप कोटली यह एलओसी से 30 किलोमीटर दूर था। लश्कर–ए–तैयब्बा का बेस था जो राजौरी, पुंछ में सक्रिय था। 20 अप्रैल 2023 को पुंछ में और 9 जून 2024 को तीर्थ यात्राओं के बस हमले में यहीं से आतंकी को ट्रेंड किया गया था। बरनाला कैंप बिम्बर यहां पर हथियार हैंडलिंग आईडी व जंगल सर्वाइवल का प्रशिक्षण केंद्र था अब्बास कैंप कोटली लश्कर–ए–तैयब्बा फिदायीन यहां तैयार होता था। इसकी कैपेसिटी 15 टेररिस्ट को ट्रेंड करने की थी**

कर्नल कुरैशी ने पाकिस्तान के अंदरूनी ठिकानों के नाम का भी जिक्र किया है।

**सर्जल कैंप सियालकोट ये अंतर्राष्ट्रीय सीमा से 6 किलोमीटर की दूरी पर है। मार्च 2025 में जम्मू एंड कश्मीर पुलिस के चार जवानों की जो हत्या की गई थी उन आतंकवादियों को इसी जगह पर ट्रैंड किया गया था। दूसरा महमूना जाया कैंप सियालकोट, यह 18 से 12 किलोमीटर आईबी से दूर था। हिजबुल मुजाहिदीन का बहुत बड़ा कैंप था। यह कठुआ जम्मू क्षेत्र में आतंक फैलाने का नियंत्रण केंद्र था। पठानकोट एयर फोर्स बेस पर किया गया हमला भी इसी कैंप से प्लान और डायरेक्ट किया गया था। मरकज तैयबा मुरीदके 2008 के मुंबई हमले के आतंकी भी यही से प्रशिक्षित हुए थे। अजमल कसब डेविड हेडली भी यहां ट्रैंड हुए थे।**

विदेश सचिव विक्रम मिस्री ने कहा कि पहलगाम आतंकी हमले की जांच से पाकिस्तान के आतंकियों से संबंधों का पर्दाफाश हुआ है।

**पहलगाम आतंकवादी हमले की जांच से पाकिस्तान के साथ आतंकवादियों के संपर्क उजागर हुए हैं। रेजिस्टेंस फ्रंट द्वारा किए गए दावे और लश्कर–ए–तैयबा से ज्ञात सोशल मीडिया हैंडल द्वारा इसको रि–पोस्ट किया जाना इसकी पुष्टि करता है। चश्मदीद गवाहों और विभिन्न जांच एजेंसियों को उपलब्ध अन्य सूचनाओं के आधार पर हमलावरों की पहचान भी हुई है।**

संयुक्त प्रेस वार्ता के दौरान भारतीय सशस्त्र बलों की जवाबी कार्रवाई की सटीकता और लक्षित स्थलों के आतंकी गतिविधियों से संबंधों को उजागर करने के लिए ऑडियो और वीडियो इनपुट के साथ एक विस्तृत प्रस्तुति भी दी गई।

**********

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने आज दोपहर राष्ट्रपति भवन में राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु से मुलाकात की। उन्होंने राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु और इसके बाद कैबिनेट को भी ऑपरेशन के बारे में जानकारी दी। एक सोशल मीडिया पोस्ट में राष्ट्रपति मुर्मु ने कहा कि बैठक के दौरान प्रधानमंत्री ने उन्हें ऑपरेशन सिंदूर के बारे में जानकारी दी। इससे पहले, श्री मोदी पूरी रात ऑपरेशन सिंदूर की जानकारी लेते रहे। प्रधानमंत्री ने कहा कि भारतीय सेना ने सफलतापूर्वक इस कार्रवाई को अंजाम दिया है। उन्होंने ऑपरेशन सिंदूर के लिए सशस्त्र बलों की सराहना की।

वहीं, गृह मंत्री अमित शाह ने ऑपरेशन सिंदूर के बाद सुरक्षा स्थिति का जायजा लेने के लिए जम्मू–कश्मीर के उपराज्यपाल मनोज सिन्हा और मुख्यमंत्री उमर अब्दुल्ला से बात की। सूत्रों के अनुसार श्री शाह ने सीमा सुरक्षा बल के महानिदेशक को सीमावर्ती क्षेत्रों में रहने वाले लोगों के लिए सभी सुरक्षा उपाय सुनिश्चित करने के निर्देश दिये।

इस बीच, ऑपरेशन सिंदूर के मद्देनजर कई घरेलू उड़ानें रद्द कर दी गई हैं। एयर इंडिया ने जानकारी दी है कि जम्मू, श्रीनगर, लेह, जोधपुर, अमृतसर, भुज, जामनगर, चंडीगढ़ और राजकोट से आने–जाने वाली उड़ानें इस महीने की 10 तारीख तक रद्द कर दी गई हैं। इंडिगो ने भी आज श्रीनगर, जम्मू, अमृतसर, लेह, चंडीगढ़, धर्मशाला से आने–जाने वाली उड़ानें रद्द कर दी हैं।

**********

देश के सभी राजनीतिक दलों और प्रमुख नेताओं ने भारतीय सेना द्वारा चलाए गए ऑपरेशन सिंदूर की प्रशंसा की है। गृह मंत्री अमित शाह ने इस संबंध में सोशल मीडिया पोस्ट किया है। प्रस्तुत है एक रिपोर्ट–

***श्री शाह मीडिया पोस्ट में कहा कि ऑपरेशन सिंदूर, पहलगाम में देश के निर्दोष भाइयों की निर्मम हत्या का भारत का जवाब है। श्री शाह ने कहा कि भारत आतंकवाद को जड़ से उखाड़ फेंकने के लिए दृढ़ संकल्प है। रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने भी सशस्त्र सेनाओं की सराहना की है। विदेश मंत्री डॉ. जयशंकर ने कहा कि विश्व को आतंकवाद को कतई बर्दाश्त नहीं करना चाहिए। सूचना और प्रसारण मंत्री अश्विनी वैष्णव ने भी बदले की कार्रवाई की सराहना की है। लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी ने सोशल मीडिया पोस्ट में कहा कि उन्हें सशस्त्र सेनाओं पर गर्व है। दीपेन्द्र की रिपोर्ट के साथ समाचार कक्ष से कनकलता।***

प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ सहित कई केंद्रीय मंत्रियों और राज्य सरकार के मंत्रियों तथा पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव ने भी ऑपरेशन सिंदूर में भारतीय सेना की भूमिका की प्रशंसा की है।

**********

आतंकवाद के खिलाफ सशस्त्र बलों की सैन्य कार्रवाई के बाद विधानसभा अध्यक्ष सतीश महाना ने पहलगाम आतंकी हमले में मारे गये शुभम द्विवेदी के घर जाकर आज उनके परिजनों से मुलाकात की। उन्होंने शुभम के पिता और पत्नी के प्रति संवेदना जताई और उन्हें ढांढस बंधाया। इस अवसर पर विधान सभा अध्यक्ष सतीश महाना ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा पाकिस्तानी आतंकवाद के खिलाफ लिए गए साहसिक निर्णय के प्रति लोगों में खुशी की लहर है। इस दौरान शुभम द्विवेदी की पत्नी ऐशान्या और उनके सभी परिजनों ने प्रधानमंत्री के प्रति धन्यवाद जताया।

***मैं माननीय नरेन्द्र मोदी जी और जितने भी लोग इस ऑपरेशन से कनेक्टेड हैं, जितने भी लोग इस ऑपरेशन का पार्ट हैं और खास कर हमारे जितने भी ऑल फोर्सेस है उनको बहुत धन्यवाद देना चाहूंगी। रीयली थैंकफुल, जीवन भर आपको धन्यवाद ही देते रहेंगे।***

**********

ऑपरेशन सिंदूर को देखते हुए पूरे प्रदेश में रेड अलर्ट घोषित कर दिया गया है। इस दौरान प्रदेश पुलिस को सैन्य इकाइयों से समन्वय बनाने और महत्वपूर्ण प्रतिष्ठानों की सुरक्षा कड़ी करने का निर्देश दिया गया है। प्रदेश के पुलिस महानिदेशक प्रशांत कुमार ने अपने सोशल मीडिया प्लेटफार्म एक्स पर कहा है कि उत्तर प्रदेश पुलिस हर नागरिक की सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए सतर्क, सुसज्जित और पूरी तरह तैयार है।

**********

गृह मंत्रालय के निर्देश पर देश के दो सौ चौवालिस वर्गीकृत नागरिक सुरक्षा जिलों में नागरिक सुरक्षा अभ्यास और पूर्वाभ्यास आयोजित किया जा रहा है। प्रदेश सरकार की विशेष पहल पर उत्तर प्रदेश के सभी जिलों में यह अभ्यास कराया जा रहा है। अलग अलग जिलों में मॉक ड्रिल का समय वहां के जिला प्रशासन ने स्थानीय स्तर पर निर्धारित किया है। कई जिलों में आज शाम अबसे थोड़ी देर बाद ब्लैक ऑऊट का भी पूर्वाभ्यास होगा, जिसे लेकर जिला प्रशासन ने अपने अपने जिलों में एडवाइजरी भी जारी किया है।

**********

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने आज लखनऊ में प्रदेश के आकांक्षात्मक जिलों और आकांक्षात्मक विकास खंडों की समीक्षा की। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिया कि वह ऐसे जनपदों और ब्लॉकों का स्थलीय परीक्षण करने के लिए लगातार दौरे करें। उन्होंने आकांक्षात्मक विकास खंडों में तैनात सीएम फेलो की जिम्मेदारी और जवाबदेही सुनिश्चित करने का भी निर्देश दिये। मुख्यमंत्री ने कहा कि तीन वर्ष का कार्यकाल पूरा होने पर सीएम फेलो की रैंकिंग भी तैयार की जाए। उन्होंने बताया कि राज्य सरकार सीएम फेलो को शासकीय सेवा में आने पर वेटेज देगी। इसके लिए नियमावली तैयार की जा रही है।

**********